एम. कॉम
**द्वितीय सत्र**

# वाणिज्य में स्नातकोत्तर उपाधि

**(एम. कॉम)**

द्वितीय सत्र
**सत्रीय कार्य**
**2024–2025**

जुलाई 2024 तथा जनवरी 2025 प्रवेश सत्र के लिए

**प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ**
**इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय**
**मैदान गढ़ी, नई दिल्ली – 1100 68**

# वाणिज्य में स्नातकोत्तर उपाधि **(एम. कॉम)**

**द्वितीय सत्र**

## सत्रीय कार्य – 2024–2025

प्रिय छात्र/छात्राओं,

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में स्पष्ट किया गया है, इस कार्यक्रम में आपको प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए एक सत्रीय कार्य करना है। सभी सत्रीय कार्य आपको एक साथ भेजे जा रहे हैं।

अंतिम परीक्षा में सत्रीय कार्य के लिए 30 प्रतिशत अंक निर्धारित हैं। सत्रांत परीक्षा में बैठने योग्य होने के लिए यह आवश्यक है कि समय सूची के अनुसार आप इन सत्रीय कार्यों को पूरा करके भेज दें। सत्रीय कार्य को करने से पहले आपको चाहिए कि कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें, जिसे आपके पास अलग से भेजा गया है।

यह सत्रीय कार्य दो प्रवेश सत्र अर्थात् **(जुलाई 2024 और जनवरी 2025)** के लिए वैध है, इसकी वैधता निम्नलिखित है :–

1. जो **जुलाई 2024** में पंजीकृत है उनकी वैधता **जून 2025** तक है।
2. जो **जनवरी 2025** में पंजीकृत है उनकी वैधता **दिसंबर 2025** है।

यदि आप जून सत्रांत परीक्षा में बैठना चाहते हैं तो इन्हें **15 मार्च** तक अवश्य जमा कर दें। यदि आप दिसम्बर सत्रांत परीक्षा में बैठना चाहते हैं तो आपके लिए आवश्यक है कि आप इन्हें **15 सितम्बर** तक अध्ययन केंद्र के संयोजक के पास जमा कर दें।

## अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम का कोड** | : | **एम. सी. ओ. -06** |
| **पाठ्यक्रम का शीर्षक** | : | **विपणन प्रबंध** |
| **स्त्रीय कार्य का कोड** | : | **एम. सी. ओ. -06/टी. एम. ए./ 2024-2025** |
| **खण्डों की संख्या** | : | **सभी खण्ड** |

**अधिकतम अंक : 100**

**सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**1.** (क) एक ऐसी कंपनी की प्रोफ़ाइल का वर्णन करें जिसने विपणन अवधारणा को अपनाया है। **(10+ 10)**

(ख) विभिन्न प्रकार के मध्यस्थों को वर्गीकृत करें और उपभोक्ता वस्तुओं के बाजार के संदर्भ में प्रत्येक प्रकार के उदाहरण प्रदान करें।

**2.** बाजार खण्डीकरण की अवधारणा को स्पष्ट करें और यह व्यवसायों के लिए क्यों महत्वपूर्ण है। तीन अलग-अलग बाज़ार विभाजन रणनीतियों को पहचानें और उनका वर्णन करें और एक ऐसी कंपनी का उदाहरण प्रदान करें जो प्रत्येक रणनीति का प्रभावी ढंग से उपयोग करती है। **(20)**

**3.** **निम्नलिखित पर संक्षिप्त व्याख्या कीजिए :** **(4x5)**

(क) मूल्य निर्धारण

(ख) संबंध विपणन

(ग) फ्रायड का "व्यक्तित्व का मनोविश्लेषणात्मक सिद्धांत"

(घ) प्रचार रणनीतियाँ

**4.** **निम्नलिखित के बीच अंतर कीजिए :** **(4x5)**

(क) उत्पादन अवधारणा और उत्पाद अवधारणा।

(ख) बाजार मंथन कीमत निर्धारण और बाज़ार -पैठ कीमत निर्धारण

(ग) विपणन अनुसंधान और विपणन सूचना प्रणाली।

(घ) ब्रांड निष्ठा और ब्रांड विस्तार।

**5.** **निम्नलिखित पर टिप्पणी कीजिए :** **(4x5)**

(क) "पर्यावरण इस तथ्य के कारण महत्वपूर्ण हो जाता है कि यह बदल रहा है और इसमें अनिश्चितता है"।

(ख) किसी उत्पाद को खरीदने का उपभोक्ता का निर्णय कई कारकों से प्रभावित होता है।

(ग) "भारत में ग्रामीण बाज़ार विपणक के लिए बड़े अवसर और चुनौतियाँ पेश करते हैं"।

(घ) "कई मामलों में सेवाओं और उत्पादों के बीच अनेक परस्पर संबंध भी होते हैं।

## अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम का कोड** | : | **एम. सी. ओ. -022** |
| **पाठ्यक्रम का शीर्षक** | : | **मात्रात्मक विश्लेषण और प्रबंधकीय अनुप्रयोग** |
| **स्त्रीय कार्य का कोड** | : | **एम. सी. ओ. -022टी. एम. ए./ 2024-2025** |
| **खण्डों की संख्या** | : | **सभी खण्ड** |

**अधिकतम अंक : 100**

**सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**1.** क) पूर्वानुमान नियंत्रण से आप क्या समझते हैं? पूर्वानुमान प्रणाली उपयुक्त है यह सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न तरीके क्या हो सकते हैं? **(10+10)**

ख) सहसंबंध शब्द से आप क्या समझते हैं। सहसंबंध का अध्ययन किसी उत्पाद की मांग का पूर्वानुमान लगाने में कैसे मदद करता है? बताइए।

**2.** क) 'जनसंख्या' और 'प्रतिदर्श ' शब्दों की व्याख्या करें। समझाइए कि कभी-कभी संपूर्ण गणना के बजाय प्रतिदर्श सर्वेक्षण करके जनसंख्या के बारे में जानकारी एकत्र करना आवश्यक व वांछनीय क्यों है? **(10+10)**

ख) आप छात्रों की दैनिक समाचार पत्रों और साप्ताहिक पत्रिकाओं के प्रति उनकी पसंद एवं पढ़ने की आदतों का निर्धारण करने के लिए जनमत सर्वेक्षण कैसे करेंगे?

**3.** **निम्नलिखित पर संक्षिप्त व्याख्या कीजिए** : **(4x5)**

क) "परिणामों की अनिश्चित परिस्थितियों में निर्णय समस्याओं का विश्लेषण करते समय विभिन्न मुद्दे उठते है"।

ख) "जनसंख्या के बारे में निष्कर्ष निकालने में प्रतिचयन बहुत वांछनीय है"।

ग) "परिवर्तनशीलता को मापना उन्नत सांख्यिकीय विश्लेषण के लिए बहुत महत्वपूर्ण है"।

घ) "5% के महत्व स्तर पर टी-टेस्ट का उपयोग करके सहसंबंध गुणांक के महत्व का परीक्षण करें"।

**4.** **निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए** **(4x5)**

क) अंकगणितीय माध्य और माध्यिका के गणितीय गुण

ख) माध्य की मानक त्रुटि

ग) रेखीय प्रतिगमन

घ) समय श्रृंखला विश्लेषण

**5** **निम्नलिखित के बीच अंतर करें** : **(4x5)**

क) असतत और सतत आवृत्ति वितरण

ख) कार्ल पियर्सन और बॉली का तिरछापन गुणांक

ग) संभाव्यता और गैर-संभाव्यता प्रतिचयन

घ) वर्ग सीमाएँ और वर्ग अंतराल

**अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य**

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम का कोड** | : | **एम. सी. ओ. -023** |
| **पाठ्यक्रम का शीर्षक** | : | **सामरिक प्रबधन** |
| **स्त्रीय कार्य का कोड** | : | **एम. सी. ओ. -023 टी. एम. ए./ 2024-2025** |
| **खण्डों की संख्या** | : | **सभी खण्ड** |

**अधिकतम अंक : 100**

**सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

1. क) पांच बलों के ढांचे को संक्षेप में समझाएं और अपनी पसंद के किसी भी उद्योग के प्रतिस्पर्धी माहौल का विश्लेषण करने के लिए इसका इस्तेमाल करें। **(10+10)**

   ख) संगठन किन परिस्थितियों में स्थिरता की रणनीति अपनाते हैं? स्थिरता रणनीति के विभिन्न दृष्टिकोण क्या हैं?

**2.** क) निगमीय प्रशासन को परिभाषित करें। वर्तमान संदर्भ में निगमीय प्रशासन को लागू करने के संबंध में निगमीय क्षेत्र को किन प्रमुख चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। **(10+10)**

   ख) मिशन क्या है? यह उद्देश्य से किस प्रकार भिन्न है? एक मिशन वक्तव्य की अनिवार्यताओं पर चर्चा करें।

**3. निम्नलिखित पर संक्षेप में टिप्पणी कीजिए :** **(4x5)**

   (क) रणनीति निर्माण, कार्यान्वयन, मूल्यांकन और नियंत्रण एकीकृत प्रक्रियाएं हैं”।

   (ख) “संगठन के लिए सोशल मीडिया प्रतिस्पर्धी विश्लेषण के लिए जाना आवश्यक है”।

   (ग) “विस्तार रणनीति व्यावसायिक संगठनों को उनके दीर्घकालिक विकास उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए एक खाका प्रदान करती है”।

   (घ) “रणनीति नीतियों का पर्याय है”।

**4. निम्नलिखित में अंतर स्पष्ट करें :** **( 4x5)**

   (क) दूर दृष्टी (विजन) और मिशन

   (ख) मूल उद्देश्य और बुनियादी मूल्य

   (ग) निगमीय प्रशासन कैनेडियन मॉडल और निगमीय प्रशासन जर्मन मॉडल

   (घ) केंद्रित विविधीकरण और समूह विविधीकरण

**5 निम्नलिखित वक्तव्यों की व्याख्या अति संक्षेप में कीजिए :** **(4x5)**

   (क) छंटनी की रणनीतियाँ

   (ख) प्रतिस्पर्धी प्रोफाइल मैट्रिक्स

   (ग) निगमीय संस्कृति

   (घ) सामरिक मंशा

## अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम का कोड** | **:** | **एम. सी. ओ. -024** |
| **पाठ्यक्रम का शीर्षक** | **:** | **व्यावसायिक नैतिकता और कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व** |
| **स्त्रीय कार्य का कोड** | **:** | **एम. सी. ओ. -024/ टी. एम. ए./ 2024-2025** |
| **खण्डों की संख्या** | **:** | **सभी खण्ड** |

**अधिकतम अंक : 100**

**सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

1. व्यावसायिक नैतिकता एक विरोधाभास है। न्यायोचित ठहराइए। **(20)**

**2.** आर्थिक वैश्वीकरण ने सरकार और व्यवसाय के बीच संबंधो को कैसे पुनर्परिभाषित किया है ? भारतीय संदर्भ में सरकार – व्यावसायिक इंटरफेस में हुए परिवर्तनों के साथ अपने दृष्टिकोण को जोड़ें । **(20)**

**3.** (क) व्यवसाय की कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व रणनीति में मूल्यों की भूमिका का परिक्षण कीजिए। **(10+10)**
(ख) बेहतर संबंध के लिए निगमों, उसके हितधारकों और अपनाई गई रणनीतियों के बीच संबंधों का अन्वेषण करें।

**4.** (क) नैतिक आचार संहिता और कॉरपोरेट सामाजिक उतरदायित्व वाली कम्पनियों के लाभों का पता लगाएं। **(10+10)**

(ख) अपने हितधारकों के प्रति जिम्मेदारी व्यावसायिक नैतिकता और कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी का मूल सिद्धांत क्यों है ?

**5** वे कौन से पांच क्षेत्र हैं जिनमे कंपनी अधिनियम 2013 के अनुसार कॉरपोरेट सामाजिक उतरदायित्व प्रकटीकरण को वर्गीकृत किया गया है ? **(20)**